आकाशवाणी चंडीगढ़

10 जनवरी 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी और अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जायेगा।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल में 59 करोड़ रूपये की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आकाशवाणी के कुंभ वाणी चैनल की शुरुआत की गई।
- बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह पार्टी के संकल्प पत्र और लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार काम कर रहे हैं।
- सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को निष्कासित किया।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।वे आज

पंचकूला में अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल की तुलना में अपराध दर में कमी आई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले भी कम हुए हैं । इसी तरह साइबर अपराधियों को काबू करने में भी अच्छा कम हुआ है।

नशा तस्करी बारे एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा --

गैंगस्टरों को विदेशों से हरियाणा लाने के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में उन्हें सफलता मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में डायल 112 सेवा को सक्षम बनाने के लिए और रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे । अभी यह रिस्पांस टाइम करीब 6 मिनट 30 सेकंड है।अरविंद केजरीवाल के बयान बारे सवाल पर उन्होंने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश से जो रोहिंग्या आए हैं उन्हें चिन्हित करके वापिस भेजने का काम किया जाएगा

****

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत करीब 59 करोड़ की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिनमें सेक्टर-32 में बना इनडोर खेल परिसर,सेक्टर-9 में बना क्रिकेट मैदान और शक्ति कालोनी में बनाया गए महिला आश्रम शामिल हैं।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह के ऐसे खेल परिसर

युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने में मददगार होते हैं।

उमर अब्दुल्ला द्वारा कांग्रेस इंडिया गठबंधन को भंग करने के बयान पर श्री मनोहर लाल ने चुटकी ली और कहा कि ऐसा है तो अच्छी बात है।

****

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी के कुंभ वाणी चैनल का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन वर्चुअली शामिल हुए। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि प्रसार भारती ने दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिए महाकुंभ के सीधे प्रसारण के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कुंभ वाणी चैनल के माध्यम से अमृत स्नान की लाइव कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मंगल धुन का भी शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

****

हरियाणा बीजेपी के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी के संकल्प पत्र के अनुसार काम कर रहे हैं। आज सोनीपत में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार काम करते हुए 25 जनवरी को 100 दिन का कार्यकाल पूरा करने जा रही है।

सदस्यता अभियान और निकाय चुनाव को लेकर उन्होंने कि -

उन्होंने निकाय चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया।

....

हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को निष्कासित कर दिया है।भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई की थी।हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने सरकार की कार्रवाई निष्पक्ष है।

****

भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने आज कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती हैं और इससे बचाव का सबसे सशक्त माध्यम सावधानी और जागरूकता है।आज भिवानी में सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान वाहनों पर रिफलैक्टर लगाते हुए कहा कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना होगा।

यह अभियान स्माइल फाउंडेशन द्वारा भिवानी वैश्य महाविद्यालय की एन सी सी विंग एवं महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ न्यास व भिवानी जिला यातायात पुलिस के सहयोग से शुरू किया गया है।

****

आज जींद में मुस्लिम समाज ने स्थानीय मस्जिद में जुम्मे की नमाज़ के दौरान समाज के लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया।नमाज के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए समाज के लोगों ने बताया कि उन्हें नशों से दूर रहने की सीख दी गई।

****

हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को अरावली पर्वतीय श्रृंखला में परिस्थितिक पर्यटन को बढ़ावा देने की परियोजना जंगल सफारी पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की जिम्मेवारी अब वन्य एवं वन्य जीव विभाग को सौंप दी है। इसलिए विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से वहां जाकर स्थिति का आकलन करें। और तय करें कि किस जीव जंतु को सफारी में कहां रखना हैं।